# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।

**प्रशासनिक आदेश संख्या- 105/2025 दिनांक- 24-04-2025**

## आदेश

जिला बार एसोशियेशन, ललितपुर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित – 17.04.2025 के अनुक्रम में दिनांक 01.05.2025 से 30.06.2025 तक की अवधि में, जजशिप ललितपुर की समस्त न्यायालयों को, पूर्वान्ह में संचालित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या 6354/ Main(P) / Admin(A-3), Allahabad, Dated: 29.04.2016 के अनुसार जिला बार एसोसियेशन की सहमती के आधार पर एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या 7356/ Main(P) / Admin(A-3), Allahabad, Dated: 31.05.2019 में निर्गत निर्देशो के आधार पर प्रातःकालीन न्यायालय संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः जजशिप ललितपुर की मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन सभी सिविल एवं दाण्डिक न्यायालयों एवं उनके कार्यालयों तथा समस्त अनुभाग, दिनांक 01.05.2025 से 30.06.2025 तक की अवधि में प्रातः कालीन संचालित होंगे।

उक्त अवधि में उक्त न्यायालयों एवं उनके कार्यालयों तथा अनुभागों का संचालन समय, निम्न प्रकार होगा :-

| | | |
|---|---|---|
| **न्यायालय का समय** | **-** | **पूर्वान्ह 07:00 बजे से 01:00बजे तक।** |
| **कार्यालय का समय** | **-** | **पूर्वान्ह 06:30 बजे से 01:30बजे तक।** |
| **भोजनावकाश/विश्रांति** | **-** | **अपरान्ह 10:30बजे से 11.00 बजे तक।** |

सभी न्यायालयों/अनुभागों, अध्यक्ष जिला बार एसोसियेशन,ललितपुर, अध्यक्ष, बार एसोसियेशन- तहसील महरौनी एवं तालबेहट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक, ललितपुर एवं सर्व सम्बन्धित को इस आदेश की प्रतिलिपि प्रेषित की जावे।

Sd/-

**(नरेन्द्र कुमार झा)**

**जनपद न्यायाधीश**
**ललितपुर।**